तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 24.0° | 38.0° |
| इंदौर | 26.0° | 37.0° |
| जबलपुर | 26.0° | 39.0° |
| ग्वालियर | 22.0° | 34.0° |
| सागर | 24.0° | 39.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल : वर्ष 41 अंक 195, पृष्ठ 12)
ज्येष्ठ (अधिक), कृष्ण चतुर्दशी संवत् 2083
रविवार, 14 जून 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com | भोपाल संस्करण | भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




**राजधानी...** भोपाल समेत कई जिलों में आंधी-बारिश


**खेल...** विश्व कप से पहले जापान को बड़ा झटका...


**व्यापार...** अशोक लीलैंड का डिफेंस में नया दौरः ड्रोन...


**देश-विदेश...** जहरीला पक्षी हूडेड पिटोहुई को छूने से जा...







## खास-खबरें

### लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ होंगे भारतीय सेना के नए प्रमुख



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** भारत सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को भारतीय सेना का अगला प्रमुख नियुक्त करने की घोषणा की है। वर्तमान में उप सेना प्रमुख के पद पर कार्यरत लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ 30 जून को सेना प्रमुख का पदभार संभालेंगे। वह मौजूदा सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी का स्थान लेंगे। सरकार की ओर से जारी निर्णय के अनुसार, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को जनरल के स्थायी रैंक के साथ सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल 31 अगस्त 2028 तक रहेगा।

### 'बेटी तो बेटी होती है, तुरंत एफआईआर दर्ज कराओ': योगी



**नईदुनिया ब्यूरो, आजमगढ़ः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, की बेटी के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि किसी भी बेटी के सम्मान के साथ समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि जैसे ही मामला उनके संज्ञान में आया, उन्होंने पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए।

### होटल-रेस्तरां में धातु पिन और तार के इस्तेमाल पर रोक

fssai

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने देशभर के होटल, रेस्तरां, बेकरी और खाद्य कारोबारियों के लिए पैकेजिंग संबंधी नए निर्देश जारी किए हैं। खाद्य नियामक ने स्पष्ट किया है कि खाने-पीने की वस्तुओं की पैकेजिंग, सीलिंग या पार्सल बंद करने के लिए धातु के पिन, स्टेपल पिन, तार अथवा इसी प्रकार की सामग्री का उपयोग तुरंत बंद किया जाए। एफएसएसएआई का कहना है कि हाल के दिनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें केक, मिठाई के डिब्बों, स्नैक पैकेट और टेकअवे फूड पैकेजिंग में धातु के पिन या तार पाए गए।

---

**जनता का विश्वास भगवान के आशीर्वाद के समान...**

# राजनीतिक अस्थिरता और भ्रष्टाचार के माहौल के स्थिरता, विकास और विश्वास में बदला

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर धर्मेंद्र प्रधान और डॉ. मोहन यादव ने गिनाईं उपलब्धियां

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भोपाल में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सरकार की उपलब्धियों को सामने रखते हुए विकास, सुशासन और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर अपने विचार रखे।

कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में संवाद माध्यमों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास प्राप्त करना भगवान के आशीर्वाद के समान है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में देश में राजनीतिक अस्थिरता और भ्रष्टाचार का माहौल था, लेकिन पिछले 12 वर्षों में देश ने



*केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भोपाल में शनिवार को अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।*

स्थिरता, विकास और विश्वास का नया दौर देखा है।

प्रधान ने कहा कि केंद्र सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ काम किया है। उन्होंने दावा किया कि विकास योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों तक पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि आवास, पेयजल, बैंकिंग और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ करोड़ों लोगों को मिला है।

केंद्रीय मंत्री ने शिक्षा और आर्थिक क्षेत्र में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में देश में 723 विश्वविद्यालय और लगभग 36 हजार कॉलेज थे, जबकि आज विश्वविद्यालयों की संख्या 1,338 और कॉलेजों की संख्या 52 हजार से अधिक हो चुकी है। उन्होंने बताया कि देश में स्टार्टअप की संख्या 350 से बढ़कर लगभग ढाई लाख तक पहुंच गई है। साथ ही बेरोजगारी दर में भी कमी दर्ज की गई है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी केंद्र सरकार की नीतियों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कदमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने आतंकवाद और सीमा सुरक्षा के मुद्दों पर सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत वैश्विक मंच पर अधिक मजबूत और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में उभरा है।

### युवा शक्ति देश के विकास की सबसे बड़ी ताकतः पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्र सरकार युवा नेतृत्व वाले विकास की दिशा में मजबूती से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों की एक प्रमुख विशेषता यह रही है कि भारत के युवाओं ने आत्मविश्वास के साथ अपनी आकांक्षाओं को पूरा किया है। प्रधानमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में युवा शक्ति के उल्लेखनीय योगदान और वैश्विक पटल पर उनके बढ़ते प्रभाव पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसी पहलों के माध्यम से एक ऐसा प्रक्रियागत तंत्र विकसित हुआ है, जो नवाचार, उद्यमिता और उद्यम को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया के अग्रणी स्टार्टअप केंद्रों में शामिल है।

## नीट परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

- **कलेक्टरों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कहा परीक्षार्थियों को असुविधा न हो**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 21 जून को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। शनिवार को कलेक्टरों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास यातायात व्यवस्था सुचारू रखी जाए तथा परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पेयजल सहित आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से परीक्षार्थियों और अभिभावकों के प्रति सहयोगात्मक रवैया अपनाने तथा सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने को कहा। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने पर तत्काल सही जानकारी लोगों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए। प्रदेश के 30 जिलों में नीट परीक्षा के लिए 283 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें सर्वाधिक 57 केंद्र इंदौर में स्थापित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने जुलाई में आयोजित होने वाली कलेक्टर्स-एसपी कॉन्फ्रेंस की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रमों में प्रभारी मंत्री अपने-अपने जिलों की विकास उपलब्धियों का प्रस्तुतिकरण करेंगे। इसके लिए जिलों में संचालित विकास और जनकल्याण कार्यों का दस्तावेजीकरण कर विकास पुस्तिकाएं तैयार की जाएंगी, जिससे उपलब्धियों को व्यवस्थित रूप से जनता के सामने रखा जा सके।

### असम में 18 वर्ष से अधिक उम्र वालों का अब नहीं बनेगा आधार कार्ड

**नईदुनिया ब्यूरो, गुवाहाटीः** असम सरकार ने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अब राज्य में 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को आधार कार्ड जारी नहीं किया जाएगा। इस सख्त कदम से अवैध प्रवासियों को भारत का यह महत्वपूर्ण पहचान दस्तावेज हासिल करने से रोका जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने साफ किया कि राज्य के कुछ जिलों में आधार कार्ड का वितरण शत-प्रतिशत की सीमा को भी पार कर चुका है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है।

---

## जिंदा मिसाइल के साथ 2,000 किलोमीटर का सफर तय कर कोच्चि पहुंचा ऑयल टैंकर



**नईदुनिया ब्यूरो, कोच्चिः** भारतीय नौसेना ने एक बड़े समुद्री हादसे को टालते हुए संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह से कोच्चि पहुंचे एक ऑयल टैंकर में फंसे जिंदा मिसाइल वारहेड को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर बाहर निकाल लिया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, मार्शल आइलैंड के ध्वज वाले एमटी ओलम्पिक ऑयल टैंकर पर 26 मई को ओमान तट के निकट हमला हुआ था।

हमले के दौरान मिसाइल का वारहेड विस्फोट नहीं हुआ, बल्कि टैंकर के बाहरी हिस्से को भेदते हुए सीधे फ्यूल टैंक में जाकर फंस गया। इसके बावजूद टैंकर ने अरब सागर में लगभग 2,000 किलोमीटर का सफर तय किया और सुरक्षित रूप से कोच्चि पहुंचा। 11 जून को भारतीय नौसेना की विशेषज्ञ टीम ने अत्यंत जोखिमपूर्ण अभियान चलाकर वारहेड को सुरक्षित बाहर निकाला।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसेना कमान की एक्सप्लोसिव ऑर्डनेंस डिस्पोजल टीम को इस मिशन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जांच में सामने आया कि मिसाइल ने जहाज के कई हिस्सों को नुकसान पहुंचाया था और ईंधन टैंक के भीतर फंस गई थी। ऐसी स्थिति में मामूली चूक भी बड़े विस्फोट और व्यापक नुकसान का कारण बन सकती थी।

विशेषज्ञों ने आधुनिक तकनीकी उपकरणों की सहायता से पहले मिसाइल के विस्फोटक तंत्र की पहचान की और उसे निष्क्रिय किया।

इसके बाद वारहेड और उससे जुड़े मलबे को सुरक्षित तरीके से बाहर निकाल लिया गया। बरामद वारहेड को आगे की जांच के लिए सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है।

### छह माह की बच्ची के साथ इमारत से गिरी महिला की मौत


**हैदराबाद।** हैदराबाद के मियापुर क्षेत्र में एक दुखद घटना में 37 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी छह माह की बच्ची चमत्कारिक रूप से सुरक्षित बच गई। पुलिस के अनुसार, महिला अपार्टमेंट की ऊंची मंजिल से बच्ची को गोद में लेकर नीचे गिर गई। घटना में महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि बच्ची को मामूली चोटें आई हैं और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मृतका की पहचान ईशा साहू के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बच्ची को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे खतरे से बाहर बताया है।

**देशभर में बदला मौसम का मिजाज** | **यूपी-दिल्ली में आंधी-बारिश का असर**

## राजस्थान में रेलवे स्टेशन का शेड ट्रैक पर गिरा

**नईदुनिया ब्यूरो, जयपुर/लखनऊ/नई दिल्ली :** देश के कई राज्यों में प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो गई हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार और उत्तराखंड सहित कई क्षेत्रों में शनिवार को तेज आंधी, बारिश और तूफान का असर देखने को मिला। मौसम में आए इस बदलाव से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं कई स्थानों पर जनजीवन भी प्रभावित हुआ।

राजस्थान के चूरू जिले में तेज अंधड़ के कारण श्रीमकड़ीनाथ रेलवे स्टेशन पर लगा टिनशेड उखड़कर रेलवे ट्रैक पर गिर गया। घटना के बाद रेल यातायात प्रभावित हुआ और कई ट्रेनों की आवाजाही में देरी दर्ज की गई। राज्य के बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर और अन्य क्षेत्रों में भी तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि की भी सूचना है। उत्तर प्रदेश में प्री-मानसून सक्रिय हो चुका है। कानपुर, अयोध्या, उन्नाव समेत



करीब 25 शहरों में बारिश दर्ज की गई। वाराणसी में दोपहर के समय आए तेज तूफान से कई होर्डिंग क्षतिग्रस्त हो गए। लखनऊ में धूलभरी आंधी के कारण दिन में अंधेरा छा गया। हाथरस में भारी बारिश के चलते सड़कों और कोतवाली परिसर में जलभराव की स्थिति बन गई। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सुबह हुई बारिश का असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ा। खराब मौसम के कारण कई उड़ानों के संचालन में देरी हुई। एयरलाइंस कंपनियों ने यात्रियों को उड़ान की स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी। इस बीच मानसून झारखंड और ओडिशा के कुछ हिस्सों तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में मानसून के छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने की संभावना है। केरल में दस्तक देने के बाद मानसून तेजी से आगे बढ़ा है और अब तक 19 राज्यों को कवर कर चुका है।

## वायुसेना का एएन-32 विमान दुर्घटनाग्रस्त, पांच जवानों का बलिदान

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** असम के जोरहाट एयर फोर्स स्टेशन पर भारतीय वायुसेना का एएन-32 मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पांच वायु सैनिकों का बलिदान हो गया। हादसा उस समय हुआ जब विमान एयरबेस पर लैंडिंग कर रहा था। रनवे पर उतरने के तुरंत बाद विमान में आग



लग गई और वह धुएं से घिर गया।

भारतीय वायुसेना के अनुसार, इस दुर्घटना में स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेन्द्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम ने सर्वोच्च बलिदान दिया।

घटना के बाद एयरबेस की फायर एवं रेस्क्यू टीम ने तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शहीद जवानों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। वायुसेना ने दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' गठित करने का आदेश दिया है।

---

**जयशंकर से बोले मार्को रुबियो...**

## 'सभी कमर्शियल जहाजों को होर्मुज में अमेरिकी सेना का आदेश मानना चाहिए'

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली/तेहरान, एजेंसी :** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय नाविकों की मौत के कुछ दिनों बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जवाब दिया है। उन्होंने एस. जयशंकर से कहा कि सभी कमर्शियल जहाजों को अमेरिकी सेना के आदेशों का पालन करना चाहिए।

एस. जयशकंर इस समय यूरोप के दौरे पर हैं और उन्होंने मार्को रुबियो से भारतीय जहाजों पर हमले को लेकर फोन पर बात की। उन्होंने मार्को रुबियो के सामने ओमान के तट पर अमेरिकी हमले में 3 भारतीय नाविकों की मौत के मामले को प्रमुखता से उठाया। मार्को रुबियो ने शुक्रवार को भारत के विदेश मंत्री से कहा, अमेरिकी नाकाबंदी का उल्लंघन और ईरानी तेल की अवैध तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कमर्शियल जहाजों को होर्मुज जलमार्ग में अमेरिकी सेना के आदेश को मानना चाहिए। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगोट ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, सचिव मार्को रुबियो ने इस बात पर जोर दिया कि सभी कमर्शियल जहाजों को अमेरिकी सेना के आदेशों का तुरंत पालन करना चाहिए क्योंकि वे होर्मुज में शांति और सुरक्षा बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं।

**आयोजन** | एयर फोर्स अकादमी की संयुक्त स्नातक परेड में बोले रक्षा मंत्री...

# तकनीक आधारित युद्ध की चुनौतियों के लिए तैयार रहें नए योद्धा

**हैदराबाद, एजेंसी :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आधुनिक युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और भविष्य के सैन्य संघर्ष केवल पारंपरिक हथियारों तक सीमित नहीं रहेंगे। उन्होंने भारतीय वायुसेना के नए अधिकारियों से बदलती तकनीकों और युद्ध प्रणालियों के अनुरूप स्वयं को तैयार करने का आह्वान किया। हैदराबाद स्थित भारतीय वायु सेना अकादमी में आयोजित 217वें कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कैडेट्स को 'एडाप्ट, अडॉप्ट और अमेंड (एएए)' का




मंत्र दिया।

अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने कहा कि आज की लड़ाइयों में केवल सैनिक और हथियार ही निर्णायक भूमिका नहीं निभाते, बल्कि ड्रोन, सैटेलाइट, सेंसर, रडार, रोबोटिक्स और साइबर तकनीकें भी युद्ध की दिशा तय कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ऐसे खतरे सामने आ सकते हैं, जहां दुश्मन पारंपरिक हमलों के बजाय संचार नेटवर्क, यातायात व्यवस्था और निगरानी प्रणालियों को निशाना बनाए।

रक्षा मंत्री ने प्रशिक्षण पूरा करने वाले कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि उनका प्रशिक्षण भले ही पूरा हो गया हो, लेकिन राष्ट्र सेवा की वास्तविक जिम्मेदारी अब शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना देश की सुरक्षा में ढाल और तलवार दोनों की भूमिका निभाती रही है। ऐसे में नए अधिकारियों को बदलते हालात के अनुसार खुद को ढालना होगा, नई तकनीकों को अपनाना होगा और आवश्यकता पड़ने पर अपनी रणनीतियों में संशोधन भी करना होगा।

उन्होंने कहा कि भविष्य की सैन्य सफलता केवल कड़ी मेहनत से नहीं, बल्कि स्मार्ट वर्क, नवाचार और तकनीकी दक्षता से तय होगी। रक्षा मंत्री ने कैडेट्स से लगातार सीखने और नई सैन्य अवधारणाओं को समझने की अपील की।

अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय वायुसेना के गौरवशाली इतिहास का भी उल्लेख किया। उन्होंने 1947-48 के कश्मीर अभियान में श्रीनगर एयरलिफ्ट और 1971 के युद्ध में ढाका पर हुए निर्णायक हवाई अभियानों को याद करते हुए कहा कि वायुसेना ने हर चुनौतीपूर्ण दौर में देश की सुरक्षा सुनिश्चित की है।